# छात्र शक्ति, राष्ट्र शक्ति

छात्रों को राष्ट्र की शक्ति कहा जाता हैं और आज का छात्र कल का नागरिक होता है। यही सब सोचकर मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास क्षमता पाठ्यक्रम के छात्र सौरभ नेमा ने अपने विकासखण्ड हटा जिला दमोह में हाईस्कूल और उच्चतर माध्यमिक शाला स्तर पर छात्र संवाद कार्यक्रम एवं 'सांस्कृतिक और रचनात्मक प्रशिक्षण' जैसे कार्यक्रम की रूपरेखा बनाकर विकासखण्ड के महारानी लक्ष्मीबाई कन्या शाला, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, शासकीय कन्या हाईस्कूल बड़ा हटा, मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल हटा में छात्र–संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता, आओ बनायें अपना म.प्र., जल संरक्षण, नदी बचाओ, महिला सशक्तिकरण' आदि विषयों पर संवाद कार्यशालाएं की और छात्र/छात्राओं को जागरूक कर उन्हें समाज और राष्ट्र के प्रति अपने नैतिक कर्तव्यों को समझाया और समाज एवं राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया। इसी श्रृंखला के दूसरे चरण में इन्हीं विद्यालयों में 'सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रशिक्षण' कार्यक्रम बनाकर प्रत्येक विद्यालय में सात दिवसीय कार्यशालायें की। इन कार्यशालाओं में छात्र/छात्राओं को कार्यक्रम की कार्ययोजना बनाना, कार्यक्रम का संचालन करना सभी गतिविधियों को सिखाया। उक्त प्रशिक्षण देने के बाद छात्र सौरभ नेमा द्वारा इन विद्यालयों के छात्रों के प्रायोगिक परीक्षण के लिये नगर में स्वच्छ भारत अभियान, बेटी बचाओ, जल संरक्षण रैलियाँ निकलवाई गई। जिनमें छात्र/छात्राओं ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया। महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला और कन्या हाईस्कूल बड़ा हटा में छात्र–संवाद प्रत्येक कक्षा में हुआ। सांस्कृतिक और रचनात्मक प्रशिक्षण कार्यशाला सात दिवसीय रही जिसमें विद्यालयों की सभी कक्षाओं से मिलाकर कुल 300 से अधिक छात्राओं ने प्रशिक्षण में सहभागिता दिखाई।

इसी तरह शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय और मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल में संयुक्त रूप से हुए प्रशिक्षण में 250 से अधिक छात्रों ने अपनी सहभागिता दिखाई।

आज इन विद्यालयों के छात्र/छात्राओं के मध्य मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास क्षमता पाठ्यक्रम के छात्रों को परिचय नही देना पड़ता हैं बल्कि ये छात्र जन अभियान परिषद के कार्यक्रमों में अपनी अपनी सहभागिता दे रहे हैं।



'संकल्प से सिद्धि अभियान' को सफल बनाने में उक्त विद्यालयों के छात्र/छात्राओं ने अपनी अपनी सहभागिता से अपने–अपने विद्यालयों में सी.एम.सी.एल. डी.पी. छात्र सौरभ नेमा द्वारा हुई 'छात्र–सभा कार्यक्रम' और 'युवा–सभा कार्यक्रम' को सफल बनाया। इस अभियान की सफलता यह हैं कि स्थानीय विधायक श्रीमती उमादेवी लालचंद खटीक, जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल, बीडीए अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, जनपद अध्यक्ष श्रीमती अनुष्का संदीप राय के अलावा हटा नगर पालिका के पार्षदगण और समाजसेवी नागरिक ,विकासखंड समन्वयक श्रीमती पुष्पा सिंह, मेंटर श्रीमती भारती नेमा, श्री संजय जैन, श्री रत्नेश खटीक, श्री सुनील सेन, श्री गजेंद्र साहू इन सभाओं में छात्र/छात्राओं के मध्य स्थानीय स्तर पर सम्मलित हुए। 'संकल्प से सिद्धि अभियान' में नगर के विद्यालयों में 'छात्र–सभा' में गरीबी, गंदगी, जातिवाद, भ्रष्टाचार, आतंकवाद, साम्प्रदायिकता जैसे विषयों पर छात्र/छात्राओं के विचार रखवाये गये और नये भारत के, नये प्रदेश के निर्माण में सुझाव लिए गये।

26 अगस्त से 6 सितंबर तक नगर स्तर पर चले अभियान में सभी विद्यालयों और महाविद्यालय मिलाकर 3000 से अधिक छात्रों के मध्य यह अभियान छात्र सभा और युवा सभा के रूप में किया। इस तरह अपने नैतिक कर्तव्यों का पालन करने पर जिला स्तर पर हुए 'संकल्प से सिद्धि अभियान' कार्यक्रम में छात्र सौरभ नेमा को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया।